RNI- MPHIN/2019/81146

# वॉइस ऑफ झाबुआ

शब्द लौटायेंगे झाबुआ की शान...

वर्ष - 04 अंक- 03 झाबुआ , प्रति मंगलवार, 13 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2022 पृष्ठ-8 मूल्य -6

## चुनाव पास में आते ही

# एक्शन मुड मे क्यो मामाजी...?



SUSPENDED

## इतने दिन चुप क्यों थे.... ?

## जीतने अधिकारियों को मंच से सस्पेंड कर रहे हो तीन साल से क्यों नही किए..?

## क्या अब चुनाव के लिए दी जा रही है अधिकारियों की बलि..?

*वॉइस ऑफ झाबुआ निलेश डावर*

मामा जी.... यह दिखावे की ढोंग करने वाली राजनीति से बाज आओ उन अफसरों को मत सस्पेंड करो जिन्होंने इतनी मेहनत कर नौकरी पाई है उनके साथ भी उनका परिवार जुड़ा है आप अपने राजनीतिक फायदे के लिए और दिखावे के लिए उन अफसरों को सस्पेंड करके अपनी राजनीति क्यों चमकाना चाहते हो..?? इतने साल हो गए आपको राजनीति में और सत्ता में अप चुनाव का साल रहा है तो आपको विकास कार्य की याद आ रही है अगर जब इतना ही सब कुछ करना था तो फिर क्यों इतने सालों से आपने कुछ नहीं किया? अब आप बेचारे अफसरों को सस्पेंड करके कौन सा मीर मांर लोगे? और कितने सालों तक ऐसे ही लोगों को बेवकूफ बनाते रहोगे और सत्ता में काबिज रहते रहोगे। जब चुनावी साल आता है तो बड़े-बड़े वादे करते हो ऐसी नौकरी लगा देंगे वैसा कर देंगे यह कर देंगे वह कर देंगे पलाना डिमका सब कर देंगे जैसे ही फिर चुनाव हो जाते हैं उसके बाद सब कुछ भूल जाते हैं। ये जो अब कर रहे हो पिछले चार साल से क्यों नही किया अगर करते तो मध्यप्रदेश सुधर जाता लेकिन चुनाव नजदीक आने पर आप सक्रियता दिखा रहे हो। मामा जी अब तो हद हो गई और सारी हद पार हो गई। उन अफसरों के बारे में भी सोचो उनका भी परिवार है जिन्हें तुम सिर्फ चंद वोटों की खातिर बलि का बकरा बना रहे हो। आपकी सारी योजना धरी की धरी रह गई है और धरोहर पर कोई कार्य नहीं है। चुनावी जुमला से बाहर आओ आखिर कितने साल तक और लोगों को बेवकूफ बनाते रहोगे और चुनाव के समीकरण बनाते रहोगे गरीब जनता, बेरोजगार युवा हर तरफ से परेशान हैं। मामा जी अब फिल्म नायक को देखे को भी लोग काफी बोर हो चुके हैं क्योंकि फिल्म नायक में जिस तरीके से हर किरदार दिखाया गया था वह सब एक रुपहले पर्दे पर था, और आप जो कर रहे हैं वह सिर्फ और सिर्फ सत्ता पाने के लिए ही कर रहे हैं। भोले-भाले आदिवासियों को उनके जननायको को लेकर राजनीति करना भी अब ज्यादा दिन तक नहीं रह पाएगा। क्योंकि अब सभी समाज का वर्ग जान चुका है कि आप सिर्फ और सिर्फ घोषणा वीर योजना वीर मुख्यमंत्री हो। जमीनी स्तर पर जितना सक्रियता से काम होना चाहिए वो नही हो रहे है।

# जिले में शिक्षा के हाल बेहाल, होस्टलें खाली पड़ी, कई भवन टूटे फूटे पड़े..!

## टूटे भवन के बाहर मेटी की छाया लगाकर पढ़ाई कर रहे है छात्र...!

## शिक्षा को लेकर इतना उदासीन क्यों जिला प्रशासन....?





वॉइस ऑफ झाबुआ निलेष डावर

आलीराजपुर जिले में शिक्षा को लेकर कोई भी जिम्मेदारी ईमानदारी से नही निभाई जा रही है, कारण शिक्षको की कमी ही नही बल्कि प्रशासन की उदासीनता भी है, जोबट तहसील क्षेत्र में वॉइस ऑफ झाबुआ स्कूलों छात्रावासों की हकीकत जानने के लिए प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय सहित छात्रावासों तक पहुंचे। छात्रावासों में बच्चे ही नहीं है, जिन छात्रावासों में परिजन अपने बच्चो को भर्ती करवाने के लिए तरसते थे आज उन छात्रावासोंध्आश्रमों में बच्चे ही नही है। सेमलदा में 60 सीटर आश्रम होने के बावजूद मात्र 13 बच्चे रह रहे है। गुंजेरी में 80 सीटर आश्रम होने के बावजूद बमुश्किल 30 बच्चे रह रहे है। काम बच्चों का रहना बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि नहीं होना या पालक रखना नही चाहते यह नही है, बल्कि बच्चो की प्रोफाइल नही बनना है, ज्ञात हो की क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है और कई  पालक साक्षर नही है, कागजों के इस खेल में उलझते हुए परेशान हो जाते है, उन्हे कोई मार्गदर्शन नही दिया जाता है, इसलिए प्रोफाइल बनवाने में असमर्थ होते है, जाती प्रमाणपत्र एवम आधार कार्ड में नाम मिसमैच होना ही प्रोफाइल नही बनने का मुख्य कारण बताया जाता है।



### पांचवी कक्षा तक पहुंच चुका बच्चा भी किताब पढ़ना नही सिख पाया क्या है वजह....?

पांचवी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे भी किताब नही पड़ पा रहे है इसकी मुख्य वजह शिक्षकों की पढ़ाई करवाने में रुचि नहीं लेना है, समय पर स्कूल नही पहुंचना, समय से पहले ही स्कूल बंद कर चले जाना, मात्र समय निकालने के लिए और अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए ही अधिकतर शिक्षक स्कूल जाते है। अपनी ड्यूटी ईमानदारी से करने वाले शिक्षक जिस स्कूल में है वहां के तीसरी और चैथी कक्षा के बच्चे भी फर्राटे से पुस्तक पड़ना सिख चुके है, गूंजेरी में एकमात्र प्राथमिक विद्यालय पाया गया जहां के बच्चे पुस्तक पड़ना, पहाड़े, गिनती, एबीसीडी सब सीख चुके है, और पड़ते है, इस विद्यालय में एक शिक्षक के साथ एक अतिथि शिक्षक भी है जो पूरा समय स्कूल में बिताते है, पढ़ाते है। जबकि कई विद्यालय में आठवीं तक के बच्चे पुस्तक पड़ना नही सीखे है, तो शिक्षक क्या करते है यह बड़ा सवाल है!

### पहाड़वा में हर स्कूल में कोई व्यवस्था नहीं, क्या शिक्षक भी नही ले रहे है रुचि..?

जोबट तहसील के ग्राम पंचायत पहाड़वा में मिडिल स्कूल तो टूटी फूटी है ही इसके अतिरिक्त प्राथमिक विद्यालयों में भी कोई व्यवस्था नहीं है वासकला पलिया में घर के अंदर स्कूल लगाने के लिए मजबूर है शिक्षक। कई स्कूलों में शिक्षक नहीं पहुंचते हैं नियमित रूप से जिसकी वजह से बच्चे भी अब नियमित कक्षा में आना नहीं चाहते हैं जोबट बीईओ को सक्रिय होकर शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर जोर देने की आवश्यकता है।



# आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय बनने और गुजरात दिल्ली चुनावी प्रचार प्रसार में सहयोग देने वाले कार्यक्रताओं का सम्मान

## जिला अध्यक्ष दिलीपसिंह भूरिया ने पैन और डायरी देकर किया  कार्यक्रताओ को सम्मानित





**अलीराजपुर रितुराज।** आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी बनने और हाल ही हुवे चुनाव में विजय हुवे उम्मीदवारों के लिए गुजरात और देश की राजधानी दिल्ली में चुनाव के समय चुनाव प्रचार प्रसार करने के लिए तन मन धन से सहयोग करने वाले सभी कार्यक्रताओं को अलीराजपुर के सहयोग गार्डन में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीपसिंह भूरिया ने पैन एवम डायरी भेट कर सभी कार्यक्रताओं को सम्मानित किया साथ ही आगामी दिनों में परिवर्तन यात्रा और सदस्यता अभियान घर घर की शुरुआत करने के लिए बैठक भी की इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दिलीपसिंह भूरिया के अलावा सुमसिंह रावत युथ विंग अध्यक्ष ,राडिया पडियार जिला मीडिया प्रभारी ,रिंकेश पटेल सोंडवा उपाध्यक्ष ,प्रकाश चैहान ,मालूसिंह मौर्य क हीरालाल पटेल सुनील तोमर पार्षद उम्मीदवार  दशरथ कानपुर, आकाश डुडवे , नेता और कार्यक्रता आदि  उपस्थित थे।



# भारतीय भाषा उत्सव पर व्याख्यानमाला कार्यक्रम आयोजन

**दिलीप सिंह भूरिया अलीराजपुर।** स्थानीय अमर शहीद  चंद्रशेखर आजाद शासकीय महाविद्यालय भाबरा मे  भारतीय भाषा उत्सव को गरिमामय पूर्वक मनाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.एस.एस.डोडवे के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।  कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य व  हिन्दी भाषा के  मुख्य वक्ता के रूप में प्रो.मानसिंह डोडवा  ने भारतीय भाषा उत्सव पर विस्तृत रूप से जानकारी बताए।  भारतीय भाषा हमारी आत्मा है, उसके बिना हमारा आस्तित्व अधूरा है। भाषा, बोली संस्कृति , रहन सहन भारत की मुख्य रूप से विविधता में  एकता भारतीय भाषा की पहचान  है।  कार्यक्रम का संचालन डॉ.वीरसिंह बरडे ने किया। महाविद्यालय समस्त स्टॉफ एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे। आभार डॉ. नवीनीत सांकला व्यक्त किया।,

# सरपंच की भेदभाव पूर्ण नीति के के कारण सड़क का आज तक नही हो पाया निर्माण...!

## वरसिंह फलिया से वर्तमान सरपंच के खिलाफ खड़ा होता है हमेशा प्रत्याशी...!

## दो प्रत्याशियों की लड़ाई में आम जनता से सीधे भेदभाव





**अलीराजपुर दिलीपसिंह भूरिया।** चंद्र शेखर आजाद नगर भाभरा तहसील से मात्र 6 या 7 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम छोटा खुटाजा में वरसिंह फलिया जाने वाली सड़क ग्राम सरपंच की अनदेखी और ग्राम विकाश में भेदभाव पूर्व विकाश को दर्शा रही है जिससे वरसिंह फलिया के लोग आज भी पक्की सड़क के लिए तरस रहे है स्थानीय सरपंच के विरुद्ध हमेशा इस फलिया से खड़े होते रहे है उम्मीदवार जिसके कारण सरपंच ने आज तक इस सड़क की सुध तक नही ली सड़क जबकि इस सड़क तक जाने के लिए लगभग 100से अधिक परिवार और हजार से ज्यादा की आबादी रहती है ।और सड़क इसी सड़क और फलिया में जाने में दो प्राथमिक स्कूल और कई आंगनवाड़ी केंद्र है जिसमे बड़े वाहनों के अलावा छोटे वाहनों का आना जाना संभव नहीं आदिवासी इलाका और आदिवासी सरपंच सचिव और सहायक सचिव और विधायक सांसद और कई नेता और जन प्रतिनिधि भी इस क्षेत्र में आदिवासी समाज और आदिवासी होने का दंभ भरते है और राजनेतिक और सामाजिक और धार्मिक मंचो पर बड़े पदों पर काबिज है लेकिन आज तक किसी भी आदिवासी समाज के जन प्रतिनिधि और नेता ने इसको पक्की सड़क बनाने के लिए मांग तक नही की ओर ना ही इसकी रूप रेखा बनाई ।जबकि ग्राम सरपंच ने इसके बाद कई फलियों में और अपने सार्थको के लिए नई सड़को को पक्की और उनको डामरीकरण करवाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जबकि वर सिंह फलिया के लोगो के लिए कोई कार्ययोजना नही बनाई क्योंकि इस फलिया से इनके खिलाफ विरोधी प्रत्याशियों का चुनाव लडना है ।सड़क से चुनाव के समय जिला कलेक्टर ,एसडीएम,तहसीलदार जिला पंचायत सीईओ स्थानीय सीईओ नेताओ में विधायक सांसद स्थानीय नेता जन प्रतिनिधि भी गुजरते है लेकिन चुनाव के समय महंगी एसी लगी गाड़ियों से कहा उनको खड्डे और गड्डे और आम आदिवासी लोगो की रोजाना की परेशानियां कहा दिखाई देती है ।सर्दी और गर्मी के मौसम में तो जैसे तैसे वाहन यहां से ग्रामीण निकालकर लेकर जाते है लेकिन बारिश में कई वाहन कच्ची सड़क होने से कीचड़ और मिट्टी में फस जाते है जिसकी बाहर निकालने के लिए जेसीबी जेसी मशीनों ग्रामीणों को बुलाना पड़ता है जिसमे खर्च की अधिकता और आम ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है ।लेकिन विपक्षी उम्मीदवार के वोटरों और विपक्ष की भूमिका निभाने वाले इन आदिवासी लोगो को कोन समझाए की अपना विकाश वही करता है जिसको हम या आप वोट देते है बाकी लोगो को तो मूलभूत समस्याओं के अभाव में जीवन के संघर्ष में जूझने के लिए हमेशा हमेशा खुद ही कुछ ना कुछ रास्ता अपनाना पड़ता है ।जिले के नेता जन प्रतिनिधि तो ठीक है स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की भी नींद नही उड़ती क्योंकि वह भी स्थानीय कार्यालय के अलावा कही आम जनता के बीच खुद के विवेक से जनता के हित के काम तक नही करवा पाते साथ ही स्थानीय अधिकारी और कर्मचारी आदिवासी क्षेत्र के हैंड पंप तक ठीक नही करवा पाते तो बाकी काम तो वो क्या करवा पाते होंगे एक विचारणीय प्रश्न है।

# कौन है ये समाजसेवी जो सरकारी जमीनों पर करता जा रहा है कब्जा..!

### सरकारी जमीन पर कॉलोनी के लिए बनाया दिया रोड...!




### और कर रहा है कॉलोनी बनाने की तैयारी...!

**वॉइस ऑफ झाबुआ**
**अंकित चैहान**
**ये देखो इस भू माफिया को जो समाजसेवी का छोला ओढ थांदला में जमकर सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहा है... और सरकारी जमीनों कब्जा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है... सुना है इस माफिया को एक अखबार ने सम्मानित भी किया... अब क्या करें धंधेबाज अखबारों को तो धंधा चाहिए तो फिर चाहे वो माफिया हो या फिर दलाल सम्मान करने में इन्हे कोई हर्ज नही... ऐसे अखबार के मार्केटिंग वाले ऐसे ही माफियाओ को ढ ुंडते है और समाजसेवी बना देते है।**




सुना है इस माफिया ने थांदला की एक बेषकिमती ॠाासकीय भूमि पर कब्जा किए है... जिसकी षिकायत लक्ष्मण राठौड़ ने इसकी शिकायत 181सीएम हेल्पलाइन पर की जिसकी जांच करने तहसीलदार और पटवारी ने मौका मुआयना कर रोड सरकारी जगह पर पाया गया जिसे तोड़ने के आदेश तहसीलदार द्वारा दिए गए और उसके पश्चात हर बार की तरह तहसीलदार शक्ति सिंह चैहान द्वारा उन्हें अपनी शिकायत वापस लेने को कहा गया और लक्ष्मण राठौर द्वारा यह सोचा की तहसीलदार साहब ने तोड़ने के आदेश पटवारी साहब को दे ही दिए हैं तो मैं अपनी शिकायत वापस खिंचवा लेता हूं उसके पश्चात 2 से 3 दिन हो जाने के बाद भी वहां पर तहसीलदार द्वारा रोड तोड़ा नहीं गया तब लक्ष्मण राठौड़ तहसील कार्यालय में पहुंचे और तहसीलदार साहब से पूछा गया कि सर अभी तक वहां पर रोड नहीं तोड़ा गया तो तहसीलदार साहब कहते हैं कि अभी हमने उन्हें नोटिस दिया है और उनसे जवाब मांगा है अभी तक उनका जवाब नहीं आया है जब तहसीलदार साहब द्वारा तोड़ने के आदेश पारित कर 181 शिकायत वापस खिंचवाई गई तो उसका मुख्य कारण क्या है जो तहसीलदार साहब द्वारा हर बार जमीन के मामले में 181 शिकायत वापस खिंचवा ली जाती है जिसे देख लक्ष्मण राठौर एसडीएम साहब के पास पहुंचे और उन्होंने तहसीलदार द्वारा की गई करतूत बताई गई तो एसडीएम साहब द्वारा उन्हें कहा गया कि तहसीलदार ने अगर आपकी 181 शिकायत वापस खिंचवाई है तो आप उसे वापस से शिकायत दर्ज कर दीजिए



इस शिकायत को दर्ज करवाए 6 महीने बीत जाने के बाद तहसीलदार की नींद खुली थी अब वापस से 181 शिकायत करने पर सालों निकल जाने के बाद भी हमें नहीं लगता के तहसीलदार साहब इस पर कोई कार्रवाई करेंगे तहसीलदार साहब नोटों की चकाचैंध में भू माफियाओं पर कार्रवाई करने में असमर्थ दिखाई देते हैं अगले अंक में हम करेंगे पूरा खुलासा किस प्रकार से इस जगह का सोदा हुआ और इस जमीन की वास्तविक समस्या क्या है।

# आखिर कब मिलेगा नल से जल..?

## ग्रामीणों को नहीं मिल रहा नल जल योजना का लाभ

## जिम्मेदार पीएचई विभाग के अधिकारियों का इस ओर ध्यान नहीं







*वॉइस ऑफ झाबुआ सुनिल डामर*

**शासन की जल जीवन मिशन योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले सभी परिवारों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराना तथा पानी जैसी गंभीर समस्याओं से निजात दिलाने का है।जल जीवन मिशन के माध्यम से देश के सभी ग्रामीण परिवारों को पाइप लाइन के माध्यम से जोड़कर पीने का स्वच्छ जल पहुंचाना शासन का लक्ष्य है।**

योजना के माध्यम से प्रत्येक घर को नल का कनेक्शन उपलब्ध करवाकर स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना है।

लेकिन थांदला ब्लाक की ग्राम पंचायत सेमलिया (नारेला) में 251.55 (दो करोड़ इक्यावन लाख पच्छपन हजार)की लागत से बनी टंकी धूल खा रही है।या यूं कहें कि इसमें भी भारी भ्रष्टाचार हुआ। ग्रामीणों को इंतजार है कि शासन की इस करोड़ों की योजना का लाभ कब मिलेगा।और नल में जल कब मिलेगा।

निर्माण एजेंसी द्वारा ट्रायल करने के कई महीने हो चुके है।लेकिन गांव के कई घरों के नलों में पानी नहीं पहुंचा तो वहीं कई मोहल्लों में लाईन तक नहीं डाली गई।और कंपनी के कर्मचारी 1-2 मोहल्लों में पानी पहुंचाकर विडियो द्वारा अधिकारियों को बताया जा रहा है कि सभी घरों के नलों में पानी पहुंच गया है।साथ ही कंपनी द्वारा गांव के कई मोहल्लों में पाईप लाईन बिछाने के दौरान आरसीसी रोड़ भी क्षतिग्रस्त किए गए जिसका मरम्मत कार्य भी नहीं किया।और जहां मरम्मत कार्य क किया गया है वह भी घटिया जिसे रोड पुन: उखड गए ।ऐसे कई कार्य है जो अधूरे छोड़े गए हैं।लेकिन इस ओर पीएचई के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। यहां आपको बता दें कि ग्राम पंचायत सेमलिया(नारेला)में पिछले विगत वर्षों में भी नल जल की योजना में भारी भ्रष्टाचार हुआ था।पानी कि टंकी बनी लेकिन वह भी सिर्फ कागजों पर। नल से जल भरती महिलाओं के फोटो कहीं ओर दूसरे गांव के लगाकर जिम्मेदारों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई।और वर्तमान में प्रधानमंत्री की मुख्य योजनाओं में से एक यह नल जल योजना भी भ्रष्टाचार कि भेंट चढ़ती दिखाई दे रही है।





### इनका कहना है-

**जहां तक पाईप लाईन बिछाई गई है सभी फलियों में पानी पहुंचने तथा ग्राम सभा में ग्रामवासियों की सहमति के बाद ही हेंडओवर लेंगे।जेरीपाडा में भी अभी तक कार्य अधुरा है।**

*खुशाल कटारा*
*सचिव ग्राम पंचायत सेमलिया*

**ठेकेदार द्वारा अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया और कई परिवारों के अभी तक कनेक्शन नहीं किए गए।**

*सोकली भुरु मैडा सरपंच*

# भाजपा की रीड की हड्डी को कमजोर करता जिला अध्यक्ष कुलदीप

## जिला अध्यक्ष या जिला अध्यक्ष के नाम से हो रही सरेआम उगरानी

*वॉइस ऑफ झाबुआ*

***सुना है....! भारतीय जनता पार्टी में रीड की हड्डी कहलाने वाला एक मात्र संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा ही है जो समय समय पर प्रादेशिक नेतृत्व के निर्देशन पर कार्य करता रहता है,झांकी मंडप उर्फ युवा मोर्चा का संगठन में सिर्फ युवाओं को जोड़ने के साथ सभाओं में भिड़ भाड़ बड़ाने से ज्यादा कुछ नही है, वही मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में भारतीय जनता युवा मोर्चा की बारह बजी पड़ी है।***

भाजपा की रीड की हड्डी को कमजोर करता जिला अध्यक्ष

गलियारों की चर्चा है कि भारतीय जनता युवा मोर्चा सेकडो युवाओं का समूह है जो भाजपा संगठन के अनुसार चलता है वैसे कुछ कुछ जिलों में भाजयुमो पदाधिकारी सिर्फ फोटो बाजी के अलावा उनको संगठन का अक्षर ज्ञान तक नही हे,मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के भाजयुमो जिला अध्यक्ष कुलदीप चैहान हर बार की तरह इस बार भी सुर्खियों में है,कुलदीप चैहान जब से भाजयुमो जिला अध्यक्ष बने हे तब से भारतीय जनता युवा मोर्चा झाबुआ निष्क्रिय के साथ हाथ पे हाथ धर के बैठा है,पिछले दिनों प्रादेशिक स्तर के निर्देशन में पूरे प्रदेश में लाखो की तादाद में वृक्षा रोपण का अभियान प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक चलाया था परंतु झाबुआ भाजयुमो के जिला अध्यक्ष से लेकर जिला कार्यसमिति सदस्य के साथ मंडल स्तर के पदाधिकारी उक्त अभियान में सिर्फ ना के बराबर भूमिका निभाई है,वही भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष का कहना हे की पदाधिकारियों के निष्क्रियता के कारण मंडल स्तर तक अभियान में सफलता नही मिली है,वही एक और पदाधिकारी का कहना है कि रक्तदान आयोजन में भी फर्जी अंको के साथ अभियान को ठेंगा बताया था,दोनो ही अभियान में जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष के साथ जिला अध्यक्ष कुलदीप चैहान भी भाजपा को नुकसान पहुंचाने में कोई कसर नही छोड़ते हुए भाजपा की ऋष्ण की हड्डी कहलाने वाले भाजयुमो को कमजोर कर रहा है।

जिला अध्यक्ष या जिला अध्यक्ष के नाम से हो रही उगरानी?

सुर्खियों में बने रहना जिला अध्यक्ष कुलदीप चैहान की आदत हो गई है, भाजयुमो जिला अध्यक्ष इस बार अलग सुर्खियों के कारण बाजार में हवा चल रही हे,सूत्रो के अनुसार बाजार में भाजयुमो जिला अध्यक्ष या जिला अध्यक्ष के नाम से कोई उगाही आए दिन करने की चर्चा भी चल रही है,सूत्रो की माने तो आंगनवाड़ी में आए दिन जिला अध्यक्ष या जिला अध्यक्ष के नाम से कोई उगरानी कर रहा है,साथ ही पूर्व में बोरी में सट्टे को लेकर भी जिला अध्यक्ष या जिला अध्यक्ष के नाम से अच्छी खासी रकम में तोड़ किया गया है, वही स्वाथ्य विभाग और पुलिस विभाग में भी आए दिन उगरानी का खेल जिला अध्यक्ष या जिला अध्यक्ष के नाम से चलने की चर्चा चल रही है,उगरानी के चलते भारतीय जनता युवा मोर्चा की हालत तो पतली हो रही साथ ही भाजपा को भी नुकसान पहुंच रहा है।

# जो चल रहा है चलने दो जिंदगी हैं सब कुछ चलता रहता है

## जिले का सबसे बड़ा रेल्वे स्टेशन की दुर्दशा बिगड़ी

## ट्रेनों के बंद होने से व्यापार में असर पड़ा








*वॉइस ऑफ झाबुआ*

*मेघनगर* का रेल्वे स्टेशन एकमात्र ऐसा रेल्वे स्टेशन है जो जिले को लेकर अन्य राज्यों को भी जोड़ता है और यहां पर आवागमन काफी रहता था। मगर कोरोना लॉकडाउन के बाद इस रेल्वे स्टेशन की दुर्दशा कुछ अलग ही हो गई है कोरोना के बाद से यहां पर प्रमुख रूप से चलने वाली ट्रेनें हैं उनको बंद कर उनके समय परिवर्तन कर दिया गया है जिसके कारण यात्री और नगर के व्यवसाय पर भी काफी असर पड़ा है। ट्रेनों में देखा जाए तो जनता एक्सप्रेस जो कि सवेरे रतलाम, बामनिया से होकर आती थी जिसमें डेली अप डाउन करने वाले काफी लोग अपडाउन किया करते थे जिस को बंद कर दिया है। मेमो और देहरादून ट्रेन का समय परिवर्तन होने से भी पूरी तरीके से व्यवसाय प्रभावित हुआ है। मेघनगर रेल्वे स्टेशन की दुर्दशा ऐसी हो चुकी है रेल्वे ने अपनी जो बाउंड्री बना रखी है उसके पास कूड़ा कचरा पड़ा रहता है। उसी कूड़े कचरे मे से गाये पॉलिथीन की थैली और कूड़े कचरे को खाती रहती हैं क्या स्वच्छता अभियान रेल्वे स्टेशन नहीं आता है। रेल्वे स्टेशन पर लगने वाली रैक नगर के मध्य और प्रमुख मार्गो से निकलती है जिसके कारण यातायात पूरी तरीके से बाधित होता है। इस रैक लगने के कारण यातायात व्यवस्था तो पूरी तरीके से बाधित होती है और साथी इन ट्रकों के आवागमन से हादसे भी होते रहते हैं क्योंकि यह मुख्य मार्गो से होकर खाद्य भंडार की ओर जाती है। इन ट्रकों से उड़ने वाली धूल मिट्टी वातावरण को और नगरवासियों को स्वास्थ्य की हानि भी पहुंचा रहा हैं। नगर के मुख्य मार्गो से निकलने वाली इस रैक के लिए नगर में कोई भी नहीं है आवाज उठाने के लिए की ये रैक प्वाइंट को कहीं और किया जाए। नगर के पास में ही बने औद्योगिक क्षेत्र से आने वाला धुआं और इस तरीके से लगने वाली रैक से आवागमन होने पर उड़ता हुआ धूल और नगर में हो रही स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को लेकर कोई जनप्रतिनिधि ना तो कभी आवाज उठाता है और ना ही कोई सामाजिक संगठन आवाज उठा रहा है आखिर यह कब तक चलता रहेगा। नल जल योजना के नाम पर चल रहा कई सालों से कार्य खत्म होने का नाम नहीं लेता है जिसके कारण खुदी पड़ी सड़कें ना तो बनने का नाम ले रही है ओर ना ही कोई बनाने का नाम ले रहा है। नगर में समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है। हालांकि जैसा चल रहा है चलने दो क्योंकि चलना ही तो जिंदगी ओर जीवन है।



# बड़ी मिन्नत और मन्नत तो से मिली नगर को आदर्श सीमेंट सड़क की सौगात

## नगर वासियों को मिलेगी धूल और गड्ढों से राहत






**वॉइस ऑफ झाबुआ-मेघनगर**

नगर परिषद ने अपने विकास कार्यों की शुरुआती पारी खेलना शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना के तहत मेघनगर में 2 करोड़ 5 लाख रुपए की लागत से आदर्श सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जिसका भूमिपूजन बुधवार को किया गया था। लंबे समय से बनने वाले इस सीमेंट सड़क का कार्य ठेकेदार द्वारा शीघ्रता से किया जा रहा है शुरुवाती गुणवत्ता भी सकारात्मक दिखाई दे रही है खुद नगरपरिषद अध्यक्ष कमलेश माचार निर्माण का जायजा लेते दिखाई दिये मेघनगर में सांई चैराहा से भंडारी चैराहा, झाबुआ रोड से स्टेशन रोड और ब्लॉक ऑफिस से आजाद चैक तक आदर्श रोड बनाए जाएंगे।

### वर्क ऑर्डर होने के बाद फिर से निकाले टेंडर

सन् 2016-17 में टेंडर हुए थे और वर्क ऑर्डर भी हो गया था। सड़क और दो नाले 2 करोड़ 88 लाख में बनना थे। तब ठेकेदार ने नाले बना दिए, लेकिन इस बीच शासन ने पेयजल योजना स्वीकृत कर दी। निर्देश थे कि पाइप लाइन डलने तक सड़क निर्माण न हो। इसमें समय लग गया। ठेकेदार ने काम करने से हाथ खड़े कर दिए। फिर टेंडर रिकाल किए गए थे। अब सड़क के लिए 2.05 करोड़ में ठेका दिया है।


*राहुल वर्मा, सीएमओ, नगर परिषद*

# सकल जैन समाज ने शाश्वत जैन तीर्थ को बचाने के लिए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा

*वॉइस ऑफ झाबुआ*

पारा नगर में समग्र जैन समाज के द्वारा एकजुट होकर चैकी प्रभारी को देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत सरकार दिल्ली के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें ज्ञापन का वाचन श्रीसंघ अध्यक्ष प्रकाश तलेसरा ने किया। ज्ञापन के माध्यम से वाचन करते हुए बताया कि जैन समाज के बीस तीर्थंकर परमात्माओं की पवित्र निर्वाण भूमि विश्व विख्यात श्री सम्मेद शिखर तीर्थ क्षेत्र है। यह तीर्थक्षेत्र भारत भूमि के पवित्र धार्मिक स्थलों में से एक है। विशेषतरू जैन धर्मावलंबियों के लिए तो आस्था एवं श्रद्धा का महत्वपूर्ण केंद्र है। इस तीर्थ को हाल ही में आपके द्वारा पर्यटन क्षेत्र घोषित किया गया है। तीर्थ क्षेत्र को पर्यटन स्थल घोषित करने का हम जैन समाज पूर्णता विरोध करते हैं। एवं जैन समाज को इस निर्णय से आहत हुई है। वही समग्र जैन समाज ने एकत्रित होकर ष्सम्मेद शिखर की रक्षा के लिए नारे लगाए।





श्री सोधर्मबृहद तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्वेतांबर श्रीसंघ एवम
अ.भा. श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद
पताः पारा जि.झाबुआ म.प्र. 457661

दिनांक 12/12/2022
सेवा में,

माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री, भारत सरकार
प्रधानमंत्री कार्यालय, साउथ ब्लाक, रायसीना हिल, नई दिल्ली -110011

माननीय श्री हेमंत सोरेन जी
मुख्यमंत्री, झारखंड राज्य सरकार
मुख्यमंत्री कार्यालय, प्रथम मंजिल, प्रोजेक्ट बिल्डिंग, रांची (झारखण्ड)-834004

विषयः- झारखंड सरकार की अनुशंसा पर केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा झारखंड में गिरिडिह जिले के मधुबन में स्थित सर्वोच्च जैन तीर्थ श्री सम्मेदशिखरजी पारसनाथ पर्वतराज को वन्य जीव अभ्यारण्य का एक भाग घोषित कर इको सेंसिटिव जोन के अंतर्गत पर्यावरण पर्यटन व अन्य गैर धार्मिक गतिविधियों की अनुमति देने वाली अधिसूचना क्र. 2795 (ई) बिना जैन समाज से आपत्ति या सुझाव लिए जारी करने हेतु बाबद

महोदय,
सादर जय जिनेन्द्र

आपसे निवेदन हैं जैनों के सर्वोच्च पवित्रतम तीर्थ स्थल जहा पर हमारे 24 में से 20 तीर्थंकर भगवान की मोक्ष स्थली शिखरजी तीर्थ है.. यह विश्व प्रसिद्ध है.. यह पवित्रतम तीर्थस्थल हर जैनियो की सर्वोच्च आस्था और श्रृद्धा का केंद्र है, यहां दूर दूर से यात्री दर्शन पूजन कर पुण्य अर्जन के भाव से आते हैं, इसलिए इस तीर्थ की रक्षा मान सम्मान से हम कोई समझौता नहीं कर सकते, इस पवित्र तीर्थ को पर्यटन स्थल घोषीत करने से हमारी धार्मिक भावनाए आहत होकर हमारे धर्म की हानि हुई है, जो कि सम्पूर्ण भारत के जैनियो को बर्दाश्त नहीं है यह तीर्थक्षेत्र भारत भूमि के पवित्र धार्मिक स्थलों में से एक है। विशेषतः जैन धर्मावलंबियों के लिए तो आस्था एवं श्रद्धा का महत्वपूर्ण केंद्र है। इस तीर्थ को हाल ही में पर्यटन क्षेत्र घोषित किया गया है। तीर्थ क्षेत्र को पर्यटन स्थल घोषित करने से हमारी आस्था को जो ठेस पहुंची है यह निंदनीय है, अतः इस फैसले का हम जैन समाज पूर्णता से विरोध करते हैं। एवम आपसे निवेदन करते हैं की जल्द से जल्द इस फैसले को वापिस लेकर इस तीर्थ की गरिमा और गौरव को बरकरार रखने में सहायक बने... जय जिनेन्द्र...

प्रतिलिपिः-श्री किशनजी रेडी,मंत्री भारत शासन पर्यटन विभाग
माननीय मुख्यमंत्री महोदय शिवराजजी चौहान म.प्र. शासन
कलेक्टर महोदय जिला झाबुआ

| राष्ट्रीय अध्यक्ष | श्रीसंघ अध्यक्ष | परिषद अध्यक्ष |
|---|---|---|
| प्रकाश छाजेड | प्रकाश तलेसरा | सुशील छाजेड |
| 9425101124 | 9425101123 | 9425971048 |

अहिंसा परमोधर्म    जीयो और दो

# प्रायवेट स्कूल संचालकों की मनमानी से परेशान अभिभावक

## स्कूलों को बनाया कमाई का माध्यम

**वॉइस ऑफ झाबुआ सुरेश चन्द्र परिहार सारंगी**

प्रायवेट स्कूल संचालकों की मनमानी से अभिभावक परेशान है और परेशान भी क्यों नहीं हो क्योंकि हर स्कूल की दुकानें तय है और जो दुकानें तय है उसके अलावा अन्य दुकानों पर कोई स्कूल सामग्री नही मिलती है और इन सबके पीछे एक ही कारण है और वो है कमीशन यानी की प्रायवेट स्कूल संचालकों की अवैध कमाई तथा सबसे बड़ी बात यह है की ऐसी पुस्तकें जो स्कूल में नही पढ़ाई जाती है ऐसी पुस्तकें भी कोर्स में शामिल कर अभिभावकों से खरीदवाई जाति है यहां तक कि कई स्कूल संचालक ड्रेस हो या फिर पुस्तकें खुद खरीदकर ऐसे दुकानदारों को बेचने के देते है जो अच्छा खासा कमिशन देने के लिए हा करते है। इन दिनों कुछ स्कूल में बच्चों को स्वेटर के लिए परेशान किया जा रहा है जिससे अभिभावक भी परेशान है। स्कूल संचालकों को कम से कम उन बच्चों के लिए तो सोचना चाहिए जिनके अभिभावक गरीब है जो अपने बच्चों की हर डिमांड पूरी करने में अक्षम है और बच्चों पर दबाव भी कैसा स्वेटर पहन कर नही आओगें तो स्कूल में बैठने नही देंगे। ऐसे स्कूल संचालकों की ओर तो जिम्मेदार प्रशासन को कार्यवाही करनी चाहिए। परीक्षा के समय भी फीस के लिए बच्चों पर इतना दबाव बना दिया जाता है की बच्चों से परीक्षा की सही ढंग से तैयारी भी नहीं हो पाती है। यहां तक कि इस प्रकार की बाते भी कई बार सामने आती है की फीस की देरी की वजह से बच्चों की मार्कशीट तक स्कूल में नही दी जाती है और यह सब जिम्मेदार प्रशासन की मिलीभगत की वजह से हो रहा है। यहां कई प्रायवेट स्कूल ऐसी है जिनमे पढ़ाई के नाम पर कुछ भी नही है नाम मोटा और दर्शन खोटा जैसी कहावत चरितार्थ हो रही है। प्रायवेट स्कूल संचालक बच्चों से जरूर नियमों का पालन करवाते है लेकिन खुद नियमों का पालन नही करते है जिसकी मुख्य वजह यह है की जिम्मेदार प्रशासन इस ओर ध्यान नही देता है। जिस प्रकार से स्कूल फीस ली जाती है उसके मुताबिक स्कूलों में पढ़ाई और शिक्षक दोनों ही नहीं है।



# नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष भूरिया का हुआ भव्य स्वागत

## धार,झाबुआ, रतलाम माही परियोजना स्वर्गीय दिलीपसिंह भूरिया की देन - जिला अध्यक्ष भानु भूरिया

## हर कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूती प्रदान करें - पूर्व विधायक भूरिया

पियुष राठौड़ झकनावदा। भारतीय जनता पार्टी के झाबुआ नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष युवा दिलों की धड़कन युवा जोश भानु भूरिया के झकनावदा प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर आतिशबाजी कर ढोल धमाकों के साथ पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया।

### सम्मान समारोह हुआ आयोजित

छात्रावास मैदान में झकनावदा भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित भानु भूरिया का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वर्तमान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण सिंह नायक, पेटलावद पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, वर्तमान जिला अध्यक्ष भानु भूरिया, अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष अजमेर सिंह भूरिया, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गा पडियार,रायपुरिया मंडल अध्यक्ष शांतिलाल मूनिया,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र गहलोत, वरिष्ठ भाजपा नेता मांगीलाल पडियार, वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह सेमलिया, वन समिति जिला अध्यक्ष,रायपुरिया मंडल कोषाध्यक्ष महावीर जैन, मंडल महामंत्री ओमप्रकाश सेमरोड, सांसद प्रतिनिधि राजेश कांसवा,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र राठौड़ उपस्थित रहे। सभी का झकनावदा भाजपा सदस्यों एवं जे जे ग्रुप ने साल साफा एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया।

### इन्होंने दिया उद्बोधन

उपस्थित समस्त अतिथियों द्वारा बारी बारी से अपना उद्बोधन दिया जिसमें समस्त अतिथियों द्वारा भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा चलाई जा रही जन हितैषी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, जैसी योजनाओं का क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ मिले इस हेतु प्रत्येक कार्यकर्ताओं को जागरूक करते हुए कहा कि आप हर संभव प्रत्येक बूथ गांव में जाकर ग्रामीणों की मदद कर शासन द्वारा चलाई जा रही जन हितेषी योजना को घर-घर पहुंचाएं। वही नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष भानु भूरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपके क्षेत्र में जो हरियाली है वह माही परियोजना की देन है वह माही परियोजना स्वर्गीय दिलीप सिंहजी भूरिया की देन है। और भारतीय जनता पार्टी ऐसी कई जन हितेषी योजनाएं लाई है जिससे प्रत्येक व्यक्ति को इसका लाभ सीधा पहुंचा है।

### यह थे उपस्थित

इस अवसर पर आयोजन में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी समर्पित 24 सरपंच जो जीत कर आए वह भी मुख्य रूप से उपस्थित नजर आए। इसके क्षेत्रीय भाजपा नेता एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन का संचालन जितेंद्र राठौड़ ने किया आभार भूपेंद्र सिंह सेमलिया ने माना।







# आधार कार्ड सुधार के लिये दर दर भटक रहा है अलीराजपुर का कालू फिर भी नहीं हो रहा है सुधार

## आधार कार्ड में जन्म दिनाँक एवं मोबाईल नम्बर में आंशिक संशोधन के लिए दिल्ली तक जाना पड़ रहा है उसके बाद भी सुधार नही आखिर सरकार क्या चाहती है।




**उमराली-सोण्डवा विजय कनेश। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण भारत सरकार की जटिल प्रकिया के कारण देश के लाखों लोगों को आर्थिक एवं मानसिक रूप से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

ऐसा ही एक मामले का सामना अलीराजपुर जिले का आदिवासी छात्र कालु पिता इडला चोंगड ग्राम वलवाई भारी परेशानी का सामना कर रहा है।आधार कार्ड में जन्म तिथि एवं मोबाईल नम्बर में आंशिक संशोधन के लिए अलीराजपुर के स्थानीय आधार कार्ड सेंटरों पर संचालकों के निर्देश अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर कार्ड में सुधार के लिए पांच बार आवेदन प्रस्तुत किया गया है,एवं दो बार भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मेल नम्बर पर भी प्रमाणित दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन मेल किया गया है।उसके बाद भी सुधार नही हो पाया है। आधार कार्ड सेंटर वालों का कहा है कि अब आपका आधार कार्ड में सुधार दिल्ली हेड ऑफिस में जाकर ही करवाना पड़ेगा।आदिवासी बेरोजगार छात्र अपनी पढ़ाई का महत्वपूर्ण समय छोड़ कर आधार कार्ड में सुधार करवाने के लिए दिनाँक 09 दिसंबर 2022 को दिल्ली हेड ऑफिस पहुचा और सुबह 10.00 बजे से लाईन में लगने के लिये कालु को 81 नम्बर का टोकन दिया गया अपनी बारी का इंतजार करते करते शाम के 4 बज गये ओर अंतत: बारी आई ओर अधिकारियों ने कह दिया कि आधार कार्ड में सुधार आपके अलीराजपुर के स्थानीय सेंटरों पर ही होगा।कालु निराश होकर अलीराजपुर लौट आया है।

परेशान छात्र कालु का कहना है कि अब जाऊं तो किसके पास जाऊं आधार कार्ड में सुधार नही होने से प्रोफाइल, छात्रवर्ती,परीक्षा फार्म एवं प्रतियोगी परीक्षाओं आदि समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है,ओर विभिन्न शासन की योजनाओं का लाभ नही ले पा रहा हूँ।

सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम चैहान का कहना है कि सरकार द्वारा इतनी जटिल प्रक्रिया अपना कर क्या साबित करना चाहती है जिससें हजारों लोगों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।जबकि सुप्रीम कोर्ट ने भी आधार कार्ड को पहचान का अनिवार्य दस्तावेज नही माना है।क्या सरकार द्वारा जारी अन्य पहचान पत्र जैसे छात्र पहचान पत्र,अंक सूची, वोटर आईडी कार्ड,बैंक पास बुक,जॉब कार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन कार्ड आदि को मूल आधार क्यो नही माना जा रहा है। ऐसे कई हजारों छात्रों एवं गरीब आम जनता दर-दर भटकने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

## सब्जी के भाव कम होने से किसान हुए परेशान

### कैसे चुकाए दवाई और खाद के रूपए



रायपुरिया परिवेष पटेल। घटते सब्जियों के भाव के रहते किसानों का कहना खेती का काम हुआ घाटे का सौदा पेटलावद रायपुरिया रोड स्थित कृषि मंडी पे रोजाना कई किसान अपनी मेहनत से लगाई सब्जी प्रति दिन सुबह जल्दी उठ के अपनी सब्जियां ले जाते है लेकिन जो भाव मिलना चाहिए वो नही मिल पा रहे वही मंडी से खरीद खेरची भाव में बेचने वाले व्यापारी जवार आजना,मुकेश पाटीदार का कहना है कि किसान बड़ी आश से सब्जी लाते.है मंडी पर अभी 15 दिन से पूरा मद्रा चल रहा है रायपुरिया में किसान गंगाराम जी पाटीदार( चैधरी) ने बताया टमाटर के भाव 80 रुपए 100 रुपए प्रति केरट और गोबी 3 रुपए,5 रुपए हे तो हम कैसे अपनी सब्जियां खेतो से तोड़े यह भाव में हम अपने मजदूरों को भी उनकी मजदूरी नहीं चुका पाए गै यदि यही भाव रहा तो हम खाद बीज के भी पैसे वसूल नही कर पाएगे।

## आईपीएल की तर्ज पर होगा के पी एल

### आजाद क्रिकेट क्लब करवड़ के तत्वावधान में दुसरा तहसील स्तरीय केपीएल




करवड़ विनोद शर्मा। करवड़ प्रीमियर लीग का आयोजन दिनांक 24 दिसंबर से आजाद खेल मैदान करवड़ में आयोजित होगा जिसमें 6 टीम भाग लेंगी इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 6 टीमो के मालिक के द्वारा बोली लगा कर खरीदा गया जिसमें ये सभी आयोजन का प्रथम इनाम 41000 ( वन्देमाराम ग्रुप) द्वारा, दृतीय इनाम 31000 ( बिरसा आबा ग्रुप ) द्वारा, तृतीय 21000 ( गौतम ग्रुप पेटलावद) द्वारा, चतुर्थ इनाम 11000( शाबिर मंसूरी बामनिया), मैन ऑफ दी सीरीज 3100 शेलेन्द्र सिंह राठौर उपसरपंच गंगा खेड़ी, मैन ऑफ दी मैच फाइनल 2100 यशोदा ऑटो पॉट्स, बेस्ट बोलर 2100 अंतर सिंह गामड़, बेस्ट बैट्समैन 2100 अखण्ड राणावत की ओर से दिया जाएगा। टूर्नामेंट के सभी मैच में मैन ऑफ दी मैच महेश गामड़ की ओर से सभी टीमो को लंच राजीव पाठक की ओर से इस प्रतियोगिता में विशेष सहयोग ग्राम पंचायत करवड़ पुलिस चैकी करवड़ अनन्त मांडोत नरेंद्र पाटीदार ओर से दिया जाएगा क्लब के सदस्यों द्वारा प्रतियोगिता की तैयारी शरू कर दी है समस्त ग्राम निवासी करवड़ ने इस टूर्नामेंट को सफल बनाने की अपील की गई।

# पीएम को लेकर कांग्रेस के पूर्व मंत्री ने कही बड़ी बात

# कांग्रेस नेता राजा पटेरिया के बयान पर पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा बोले- पीएम अपना कार्यकाल पूरा करें

**इंदौर में कांग्रेस के पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर एक बड़ी बात कही। ये बात उन्होंने उस वक्त कही जब वे राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर इंदौर में मीडिया से रूबरू हुए।**

सोमवार को कांग्रेस के पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव, कांग्रेस नेता राजेश चौकसे सहित अन्य कांग्रेस नेता मीडिया से रुबरु हुए। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर अपनी बात रखी। साथ ही मीडिया के सवालों के जवाब भी दिए।

मध्यप्रदेश कांग्रेस के और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया के एक बयान के सवाल पर पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने कहा कि मैंने टीवी पर उनका बयान देखा। अगर आप राजनैतिक और सामाजिक जीवन पर आप हो तो शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करना पड़ेगा। सावधानी पूर्वक आपको अपने शब्द कहने पड़ेंगे। भावनाएं इतनी तीव्र हो गई। लेकिन मैं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता की हैसियत से मैं अपने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घ जीवन की कामना करता हूं। आशा करता हूं उनके प्रधानमंत्री का जो समयावधि है कार्यकाल है वह सफलता पूर्वक वो पूरा करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

– एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कानून अपना काम करेगा। न्याय की कुर्सी पर जो लोग बैठे हैं वो काल, समय और परिस्थिति के अनुसार क्या शब्द निकाले गए और उसके पीछे छिपी हुई भावनाएं क्या आपराधिक प्रवृत्ति की थी। इस मामले में एफआईआर हुई है अब न्यायपालिका अपना काम करेगी।

– सज्जन वर्मा ने कहा कि मैं नहीं मानता की लक्ष्मण सिंह जी कोई राजनैतिक सर्वेअर है। ये उनके मन के भाव हो सकते हैं। उनको लगा होगा उनके विधानसभा क्षेत्र में, लेकिन मुझे अपने विधानसभा क्षेत्र में सीएम का ग्राफ गिरते हुए दिखा। मैं रोज अपने क्षेत्र में दौरे करता हूं। किसान बेहद परेशान है, दुखी है। नौजवान दिगभ्रमित, महंगाई के दौर से गुजरता हूं हिंदुस्तान निश्चित रूप से मेरे नजरिए में पीएम और सीएम का ग्राफ गिरा है।

– इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर भी निशाना साधा और कहा कि अब परिवारवाद अब नजर नहीं आ रहा भाजपा को। सांवेर की राजनीति को लेकर उन्होंने कहा कि जब से तुलसी सिलावट सांवेर में उपचुनाव जीते है तब से कुछ लोगों की ड्यूटी हमने वहां लगा दी है, वे बड़ा परिश्रम कर रहे हैं। ये लोग एक गांव और गली की खाख छान रहे हैं, लोगों से मिल रहे हैं और निश्चित रूप से 2023 के चुनाव में तुलसी भाई राजनीति के अखाड़े में चित्त मिलेंगे।

– कांग्रेस छोड़कर दूसरी पार्टी में जाने वाले नेताओं के सवाल पर सज्जन वर्मा ने कहा कि जिनके शरीर में दोगला खून था वो चले गए, बिक गए। मध्यप्रदेश की जनता बंपर मेजोरिटी में कांग्रेस की सरकार बनाएगी कि ये खरीदने बेचने का सिलसिला यहीं खत्म हो जाएगा। नरेंद्र सलूजा को लेकर कहा कि कभी-कभी किसी की आत्मा कई बरसों के बाद जागती है। – एक सवाल के जवाब में पूर्व मंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी, असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ये वोट कटवा पार्टी है। लेकिन हम देश की जनता को ये समझाने में कामयाब नहीं



हो रहे कि ये दोनों ही पार्टी भाजपा की सब पार्टी हैं, सहयोगी पार्टी है। तो निश्चित रूप से आम से हमको गुजरात में नुकसान हुआ। आज नहीं दो साल बाद जनता ये समझ तो जाएगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि हम जनता को समझाने की कोशिश कर रहे है कि ये वो पार्टी है जो भाजपा से, आरएसएस से बड़ी धनराशि लेते है।

– राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के जाने के पहले कुछ मीडिया के साथियों ने राहुल गांधी के उठने को लेकर सवाल किया था उसे लेकर सज्जन वर्मा ने कहा कि कांग्रेस के लोगों को जल्दी उठने की आदत पड़ गई है। बात सही भी है। हम जैसे लोग तो यू भी जल्दी उठकर दाड़की-मजदूरी करने निकल जाते हैं। ये बात सही है कि कांग्रेस के लोगों को प्रेरणा मिली है। सुबह जल्दी उठकर सूर्य नमस्कार कर कांग्रेस के प्रति जो हमारी निष्ठा है हमारे कर्तव्य है उसको हम पूरा करे। साथ ही भारत जोड़ो यात्रा को लेकर ओर भी बातें कही।




## शराब दुकान के बाहर फाइटिंग के बाद हथियार चले-डिस्काउंट पर शराब देने को लेकर हुआ था विवाद, सेल्समैन घायल

इंदौर के विजयनगर के भमोरी इलाके में एक शराब दुकान पर रविवार रात जमकर हंगामा हुआ। यहां दुकान में बैठे कर्मचारी और शराब लेने आए युवकों के बीच जमकर लात घुंसे चले। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्ष भी एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत करने थाने पहुंचे। इस मारपीट के दौरान सेल्समैन को चोट आई है।

विजयनगर टीआई रवीन्द्र गुर्जर के मुताबिक रात करीब सवा ग्यारह बजे उन्हें सूचना मिली थी कि भमोरी की वाईन शॉप के बाहर दो गुटो में विवाद हुआ है। जब पुलिस यहां मौके पर पहुंची तो पता चला कि शराब दुकान के कर्मचारियों से कुछ युवकों ने शराब की बोतल पर डिस्काउंट नहीं दिए जाने की बात पर हाथापाई की थी। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। यहां पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है।

### हवाई फायर भी हुआ, पुलिस ने कहां जांच कर रहे

शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा यहां लायसेंसी बंदूक से गोली चलाने की बात भी सामने आई। जिसमें भीड़ को हटाने के लिये हवाई फायर किया गया था। इस मामले में टीआई रवीन्द्र गुर्जर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी। लेकिन मौके पर इस तरह का कुछ नहीं मिला। अभी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पूरे मामले में जांच की जा रही है।

# इंदौर में गूंजेंगी वेदों की ऋचाएं

# शहर में 16 से 18 दिसम्बर तक वेद महोत्सव; जन-जन जोड़ने का प्रयास

**वेद हमारी ऐसी धरोहर है जिसके लुप्त होने पर न हमें हमारा धर्म बचा पाएगा और ना ही हमारी परम्पराएं। वेदों में समाहित ज्ञान को जन जन तक पहुंचाना ही वेद महोत्सव का लक्ष्य है। इसके मद्देनजर इंदौर में 16 से 18 दिसम्बर तक अखिल भारतीय वेद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन वैष्णव विद्या परिसर राज मोहल्ला में होगा।**




इसे लेकर हाल ही में अखिल भारतीय वेद महोत्सव की आयोजन समिति की एक बैठक हुई। इसमें शहर के धार्मिक, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। संरक्षक सांसद लालवानी ने बताया कि एक समय में देशभर में इन वेदों की 11 सौ से अधिक शाखाएं कार्यरत थी लेकिन अब घटकर यह संख्या 12 तक सीमित हो गई है। कई प्रदेशों में वेदों के ज्ञाता भी नहीं बचे हैं। इसके चलते हमारी सांस्कृतिक धरोहर वेदों को बचाने के लिए यह तीन दिनी अखिल भारतीय वेद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इंदौरवासियों के लिए यह दुर्लभ अवसर हैं। वे इस आयोजन में सम्मिलित होकर वेदों में मौजूद गूढ़ ज्ञान को समझ सकते हैं। इस तीन दिवसीय आयोजन में देश के प्रखंड विद्वान आएंगे तथा वेदों के ज्ञान की व्याख्या करेंगे।

समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पसारी ने बताया कि वेद की ऋचाएं हमारी सांस्कृतिक एवं सनातन संस्कृति का मूल आधार हैं। वेदों में राजनीति से लेकर सेटेलाइट पुराने तक का ज्ञान समाहित है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में पूरा शहर एकजुट होकर शामिल हो आयोजन समिति की यही भावना है। समिति के समन्वयक पं. गणेश शास्त्री ने संपूर्ण बैठक में आयोजन की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। विद्याधाम मंदिर के पं. राहुल शर्मा के मुताबिक संस्कृत पाठशाला में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के लिए यह एक दुर्लभ अवसर है। जैन समाज के प्रमुख अशोक बड़जात्या का कहना है कि विश्व को युद्ध से बचाना है तो वेदों का प्रचार-प्रसार करना जरूरी है। इस आयोजन से युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ें तभी इसकी सार्थकता सिद्ध होगी।

पं विजय अडीचवाल ने मुताबिक आयोजन की स्मृतियों को स्थायी रखने के लिए इसमें आयोजित व्याख्यान को स्मारिका के माध्यम से सुरक्षित रखना चाहिए। पूर्व पार्षद विनीता धर्म ने महिला शक्ति को इस आयोजन से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करने का आग्रह किया। समाजसेवी अशोक डागा ने कहा कि आयोजन के बाद मंथन से निकली बातों एवं निर्णय को अमल में लाने हेतु समिति को प्रयास करना चाहिए।

# सरपंच सचिव मिलकर शासकीय राशि का कर रहे दुरुपयोग...!



## बिना निर्माण कराए निकाल ली राशि..!

## कागजों में बने रोड धरातल पर कुछ नही?





***वॉइस ऑफ झाबुआ अविनाष गिरी***

***वर्तमान में भ्रष्टाचार का इतना बोल बाला हो गया के पूछो मत,बिना भ्रष्टाचार के आज कोई भी कार्य संभव नही है,केंद्र और राज्य सरकार द्वारा पंचायतों को मजबूत बनाने के लिए उनको कई प्रकार से आर्थिक लाभ महत्वपूर्ण योजना के माध्यम से पंचायत के खाते में डालकर गांव के विकास को गति देने में सहायक भूमिका निभा रही है परंतु पंचायत से लेकर राज्य सरकार तक भ्रष्टाचार इस तरह फैला हुआ है की उसका अंत होना मुश्किल होता दिखाई दे रहा है,शासकीय योजना कोई भी अधिकारी,कर्मचारी या नेता,प्रतिनिधि पहले ही इसमें भ्रष्टाचार करने की योजना बना लेते है।***

### सरपंच सचिव मिलकर शासकीय राशि का कर रहे दुरुपयोग

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा गांव विकसित करने के लिए पंचायत को बहुत से रूप से मजबूत बना रखा है,मध्यप्रदेश में हुए त्रिस्तरीय चुनाव में सरपंच सहित पंचों ने गांव के विकास के लिए एकजुट होकर संकल्प लिया था परंतु भ्रष्टाचार का नशे में लिप्त हुए ग्रामीण सरकार के प्रधान और सचिव गांव के विकास को झुठलाकर अपना विकास करने में लगे हुए,ऐसा ही एक मामला झाबुआ जिले की तहसील थांदला के भीमपुरी गांव का सामने आया है जहां सरपंच और सचिव दोनो मिलकर गांव के ग्रामीणों का विकास चश्मा दिखाकर लूटने का काम कर रहे है,भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीण द्वारा एसडिएम को लिखित आवेदन दिया गया जिसमे तारीख अनुसार पेसो के आहरण की डिटेल लिखी हुई साथ ही आवेदन में आहरण की गई राशि के बिल भी संग्लन के साथ भीमपुरी में फर्जी रूप से हुए आहरण में जांच की जाए और सरपंच और सचिव के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

### सरपंच और सचिव ने बिना निर्माण कराए राशि निकाल ली?

ग्राम के समग्र विकास का संकल्प लेकर भिमपुरी के ग्रामीणों ने सरपंच पर जो विश्वास जताया था उस विश्वास को नकारते हुए ग्रामीणों को ठेंगा बताकर सरकारी राशि का दुरुपयोग करने में लगा है वही उक्त भ्रष्टाचार में सरपंच के साथ सचिव भी शमिल हे,विभिन्न योजना के माध्यम से राशि डकराने वाले सरपंच और सचिव ने धरातल पर बिना कार्य किए ही सरकारी राशि का दुरुपयोग करते हुए बंदर बांट करते हुए ग्रामीण को अंगूठा बता दिया।

### कागजों में बने रोड धरातल पर कुछ नही?

भ्रष्टाचार में संलिप्त भीमपुरी सरपंच और सचिव दोनो ने मिलकर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया है,सीमेंट क्रांकिट रोड शिव मंदिर से सरपंच के घर तक और दूसरा रोड जोकि कमलेश के घर से लेकर रमेश तक के यहां का रोड सिर्फ कागजों में बना हुआ है परंतु धरातल पर सिर्फ कुछ और ही देखने को मिल रहा है वही दोनो रोड की राशि का आहरण कर लिया गया है परंतु रोड के नाम पर सिर्फ ग्रामीण धुला खाने को मजबूर हो रहे है,वही दूसरी और पंचायत में फर्नीचर का फर्जी बिल लगाकर राशि आहरण कर ली परंतु फर्नीचर के नाम पर पुराना ही फर्नीचर लगा हुए है,साथ ही अनुविभागीय कार्यालय थांदला से एक जवाब सर्बंधित पंचायत के सचिव से भी मांगा किया हे परंतु उक्त मामले में जवाब दिया या नही या कार्यवाही को अनसुना कर दिया हो ये अधिकारी और पंचायत सचिव और सरपंच ही जाने,वही मामले को लेकर जब सरपंच और सचिव से बात करना चाही तो उन्होंने फोन नही उठाया साथ ही थांदला एसडीओ अनिल भाना से भी संपर्क करना चाहा तो उन्होंने भी जवाब नही दिया,ग्रामीण ने थांदला अनुविभागीय अधिकारी थांदला के साथ जिला कलेक्टर,जिला सीईओ,जनपद सीईओ को प्रति भी दी  गई थी परंतु उक्त प्रति थांदला जनपद सीईओ को नहीं मिलने के कारण मामले से पल्ला झाड़ते नजर आ रही है।



जिला झाबुआ
जनपद पंचायत, थांदला , भीमपुरी
गाँव भीमपुरी
स्वीकृति एजेंसी : ग्राम पंचायत
कार्य का प्रकार : कल्वर्ट (पुलिया) निर्माण
स्वीकृति राशि : ₹ 280000.00 स्वीकृति: 18/06/2021
कार्य : Construction of Puliya at Shashkiya Kuwe ke Pass, Bhimpuri


जिला झाबुआ
जनपद पंचायत, थांदला , भीमपुरी
गाँव भीमपुरी
स्वीकृति एजेंसी : ग्राम पंचायत
कार्य का प्रकार : सी.सी. सडक निर्माण
स्वीकृति राशि : ₹ 491000.00 स्वीकृति: 06/11/2020
कार्य : सीमेन्ट कांक्रिट रोड निर्माण कमलेश के घर से सुरेश के घर तक भीमपुरी



व्यय वाउचर विवरण

| | |
|---|---|
| योजना का नाम | XV Finance Commission |
| वाउचर क्रमांक | XVFC/2022-23/P/8 |
| वाउचर प्रकार | Expenditure |
| वाउचर की तारीख | 23/09/2022 |
| वाउचर राशि | ₹ 63,120.00 |
| ब्यौरा | Pancahyat Bhavan Per Lighti Fiting Bill |
| प्रमुख विवरण | Panchayati Raj Programmes |
| अमुख्य विवरण | Gram Panchayat Programmes |
| विषय विवरण | Panchayat Bhawan maintenance |
| कार्य का नाम | 59789511 |

भुगतान विवरण



GSTIN : 23AUKPB2566N1ZH
08080650752
हकीम 09179498274
मेसर्स सलीम फखरूद्दीन बोहरा
सीमेन्ट, सरिये, गिट्टी, रेत, मुरम, ईंट के रिटेल एवं थोक विक्रेता
अनाज, कलहन, तिलहन, कपास एवं किराना मर्चेन्ट रिटेल एवं थोक विक्रेता
सदर बाजार, हरिनगर, तह. थांदला जिला झाबुआ (म.प्र.)
क्र. 1535
दिनांक 12-03-2022
श्रीमान्

| विवरण | नग | दर | रकम |
|---|---|---|---|
| | | | |
| TOTAL | | | 100000 |
| SGST | | | |
| CGST | | | |
| TOTAL | | | 100000 |

M/s. SALEEM FAKRUDDIN BHOHARA
A/c. No. 22830200000204
BANK OF BARODA DEVIGARH BR.
IFSC Code: BARBODEVIGA
भूल चूक लेनी देनी ।
न्याय क्षेत्र थांदला रहेगा।
हस्ताक्षर

वही थांदला सीईओ का कहना है कि अभी तक इस प्रकार की कोई जानकारी मेरे पास नहीं आई है ना ही कोई आवेदन आया है आप मुझे बता रहे हैं तो मैं इस मामले को एक बार दिखाती हूं।

***राधा डामर***
***जनपद सीईओ थांदला***

सरकार की अधिकतर योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है वास्तविक स्थिति देखे तो  कई योजनाएं सिर्फ कागजों में कंप्लीट हो जाती है अगर सही से जांच की जाए तो हर विभाग में भ्रटाचार मिलेगा गांवों में अधिकारियो और सरपंच, सचिवों की मिली भगत से फर्जी बिल लगाकर राशि का आहरण कर लिया जाता है जमीनी स्तर पर कुछ नही है सरकार को सिर्फ मंच के माध्यम से भ्रष्टाचारियों को बक्शेंगे नही कहने से कुछ नही होगा विभागों पर ध्यान देने की जरूरत है योजनाओं को हर नागरिक तक पहुंचाने की जरूरत है।

***रमेश कटारा***
***जिला अध्यक्ष जयस***

स्वामी एवं प्रकाशक, मुद्रक - निकलेश डामोर द्वारा श्री सांई ग्राफिक्स 1, सुभाष मार्ग इंदौर से मुद्रित एवं  चैतन्य मार्ग दिलीप गेट के पास,झाबुआ  म.प्र. से प्रकाशित। सम्पादक निकलेश डामोर मो. 9713105123
(पी.आर.बी. एक्ट के तहत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र झाबुआ रहेगा ।)